मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेलरोड भोपाल

क्रमांक / मंडी कार्मिक / अ–1 / 292 / 7785 भोपाल, दिनांक 22/ 09 / 2021

// आदेश //

श्री अनारे कुमार सिंह, सचिव स, कृषि उपज मंडी समिति धामनोद जिला धार को कृषि उपज मंडी समिति धामनोद पॉच दिनों से बंद रहने तथा मंडी के व्यापारियों द्वारा मंडी प्रांगण के बाहर खरीदी करने एवं किसानों को कृषि उपज का भुगतान व्यापारियों द्वारा नही किये जाने की शिकायत किसानों द्वारा सचिव को किये जाने के पश्चात भी व्यापारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही करने आदि अनियमितताओ के लिये प्रथमदृष्टया उत्तरदायी पाये जाने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश राज्य मण्डी बोर्ड सेवा विनियम, 1998 के विनियम 35(1) के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में श्री अनारे कुमार सिंह, सचिव स, कृषि उपज मंडी समिति धामनोद जिला धार का मुख्यालय मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय उज्जैन रहेगा। निलंबन अवधि में राज्य मंडी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के विनियम 36 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी, जिसका संयुक्त संचालक म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय उज्जैन के प्रति माह 05 तारीख तक प्रमाणीकरण के आधार पर कृषि उपज मण्डी समिति धामनोद से भुगतान देय होगा।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(विकास नरवाल)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/292/7786 भोपाल, दिनांक 22/09/2021

प्रतिलिपि :- **सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।**

1— विशेष सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

2— अपर संचालक (वि.जांच) मंडी बोर्ड मुख्यालय नियत समयावधि मे आरोप पत्रादि जारी करें।

3— अपर संचालक (नियमन) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

4— संयुक्त संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय इंदौर की ओर भेजकर लेख है कि श्री अनारे कुमार सिंह, सचिव स, कृषि उपज मंडी समिति धामनोद जिला धार के विरूद्ध 15 दिवस में आरोप पत्रादि का प्रारूप तैयार कर अपर संचालक (वि.जां.) मंडी बोर्ड मुख्यालय को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

5— उप संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय उज्जैन।

6— भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति धामनोद जिला धार।

7— श्री अनारे कुमार सिंह, सचिव स, कृषि उपज मंडी समिति धामनोद जिला धार की ओर पालनार्थ।

8— आदेश नस्ती/व्यक्तिगत नस्ती/गो.च./विभागिय जॉच/कम्प्यूटर शाखा/मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल